Series : KN5ML

**SET-3**

प्रश्न-पत्र कोड **4/5/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

{ }

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं । **सभी प्रश्न अनिवार्य** हैं ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **चार** खंड हैं – **क, ख, ग** और **घ** ।*

(iii) ***खंड-क** में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न हैं ।*

(iv) ***खंड-ख** में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न हैं ।*

(v) ***खंड-ग** में पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित प्रश्न हैं ।*

(vi) ***खंड-घ** में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न हैं ।*

(vii) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है, यद्यपि कुछ खंडों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

(viii) *दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

(ix) *यथासंभव **सभी** खंडों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – क

## (अपठित बोध) 14

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7

कृत्रिम वर्षा या क्लाउड सीडिंग आधुनिक विज्ञान की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है जिसके माध्यम से बादलों से इच्छानुसार वर्षा कराई जा सकती है । इस तकनीक में सिल्वर आयोडाइड या ठोस आइस जैसे रसायनों को बादलों के बहाव के साथ फैला दिया जाता है । जहाँ बारिश करानी होती है वहाँ पर हवा की विपरीत दिशा में इसका छिड़काव किया जाता है । ये रसायन बादलों में मौजूद जलवाष्प के कणों को संघनित (और घना) करने में सहायता करते हैं, जिससे बूँदें बनती हैं और वर्षा होती है । यह प्रक्रिया विशेष रूप से सुसज्जित विमानों या ज़मीन से दागे जाने वाले रॉकेटों के माध्यम से संपन्न की जाती है ।

कृत्रिम वर्षा की आवश्यकता मुख्यतः उन क्षेत्रों में होती है जहाँ सूखा पड़ता है, जल संकट होता है या कृषि के लिए पर्याप्त वर्षा नहीं होती । संयुक्त अरब अमीरात, चीन, भारत और अमेरिका जैसे देश इस तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे हैं । यह तकनीक वायु प्रदूषण को कम करने, जंगल की आग बुझाने और बाँधों में जलस्तर बढ़ाने में भी सहायक सिद्‌ध हुई है । कहाँ और किस बादल पर इसे छिड़कने से बारिश की संभावना ज़्यादा होगी, इसका निर्णय मौसम वैज्ञानिक करते हैं । इसके लिए मौसम के आँकड़ों का सहारा लिया जाता है ।

कृत्रिम वर्षा के कुछ दुष्प्रभाव भी हैं । अत्यधिक रसायनों के प्रयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो सकता है और मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है । इसके अतिरिक्त यह तकनीक अत्यंत महँगी और इसकी सफलता की दर 10 से 30 प्रतिशत तक होती है । कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि यह प्राकृतिक जल चक्र को भी बाधित कर सकती है । फिर भी, जलवायु परिवर्तन के इस युग में कृत्रिम वर्षा जल संकट के समाधान का एक महत्त्वपूर्ण विकल्प बनती जा रही है । आवश्यकता इसके समझदारपूर्ण उपयोग की है ।

(i) कृत्रिम वर्षा में प्रयुक्त रसायनों का मुख्य कार्य क्या है ? **1**

(A) बादलों को एकत्रित करना

(B) जलवाष्प के कणों को घना करना

(C) हवा की गति को नियंत्रित करना

(D) तापमान को नियंत्रित करना

(ii) कृत्रिम वर्षा के दुष्प्रभावों के विषय में निम्नलिखित में से कौन से / सा कथन सही हैं / है ? **1**

(1) इससे पर्यावरण प्रदूषित हो सकता है ।

(2) मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ जाती है ।

(3) जलवायु परिवर्तन को प्रभावित करती है ।

(A) केवल (1) सही है ।

(B) केवल (3) सही है ।

(C) (2) और (3) सही हैं ।

(D) (1) और (3) सही हैं ।

(iii) कृत्रिम वर्षा का नकारात्मक पहलू क्या है ? 1

(A) इसके लिए अधिक ऊर्जा चाहिए ।

(B) इसके लिए संसाधन चाहिए ।

(C) यह प्राकृतिक जल चक्र को प्रभावित कर सकती है ।

(D) इसके लिए तकनीक की आवश्यकता होती है ।

(iv) कृत्रिम वर्षा की आवश्यकता किन परिस्थितियों में होती है ? 2

(v) जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में कृत्रिम वर्षा का क्या महत्त्व है ? 2

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7

विटामिन–डी एक ऐसा पोषक तत्त्व है, जिसे अकसर 'सनशाइन विटामिन' भी कहा जाता है, क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से सूर्य की रोशनी से प्राप्त होता है । हमारे शरीर में यह विटामिन हड्डियों को मज़बूत बनाने, कैल्सियम और फॉस्फोरस के संतुलन को बनाए रखने तथा प्रतिरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है । हाल के वर्षों में दुनिया-भर में विटामिन–डी की कमी एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभर कर सामने आई है । आधुनिक जीवन–शैली, प्रदूषण और दफ़्तर तथा घर के भीतर लगातार रहने के कारण बहुत से लोगों में इस विटामिन की कमी हो रही है । यह कमी न केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालती है, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी इसके दूरगामी प्रभाव देखने को मिलते हैं । सूर्य की किरणें हमारे स्वास्थ्य के लिए एक अनमोल उपहार है, लेकिन आज के समय में लोग कम्प्यूटर, मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ इतने व्यस्त हो गए हैं कि वे बाहरी वातावरण में निकलने का समय ही नहीं निकाल पाते । परिणामस्वरूप उन्हें सूर्य की किरणों का लाभ नहीं मिल पाता । हमारे शरीर को आवश्यक मात्रा में यह विटामिन प्राप्त करने के लिए सूर्य की रोशनी के साथ–साथ संतुलित आहार भी उतना ही अहम् है ।

(i) गद्यांश के अनुसार आधुनिक जीवन-शैली का कौन सा दुष्प्रभाव स्वास्थ्य पर प्रमुख रूप से दिखाई दे रहा है ? 1

(A) शरीर में विटामिन डी की कमी (B) मानसिक तनाव में वृद्धि

(C) शरीर के पाचन तंत्र पर प्रभाव (D) शारीरिक विकास पर दुष्प्रभाव

(ii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए : 1

कथन : विटामिन-डी को 'सनशाइन विटामिन' भी कहा जाता है ।

कारण : यह प्राकृतिक रूप से सूर्य की रोशनी से प्राप्त होता है ।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है ।

(C) कथन गलत है, किन्तु कारण सही है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(iii) निम्नलिखित में से मानव शरीर में विटामिन-डी की कोई भूमिका **नहीं** होती ? 1

(A) हड्डियों को मज़बूत करना (B) प्रदूषक तत्त्वों का अवशोषण

(C) कैल्सियम-फॉस्फोरस का संतुलन (D) प्रतिरक्षा प्रणाली की सुदृढ़ता

(iv) विटामिन-डी किन-किन स्रोतों से प्राप्त किया जा सकता है ? 2

(v) विटामिन-डी की कमी के प्रमुख कारण लिखिए । 2

## खंड – ख

### (व्यावहारिक व्याकरण) **16**

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) सदा शांत रहने वाला वह आज चुप नहीं रह सका । – वाक्य में से सर्वनाम पदबंध छाँटकर लिखिए ।

(ii) फिर कई सप्ताह तक पीटी मास्टर स्कूल नहीं आए । – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।

(iii) वह अपनी कमर में सदैव लकड़ी की एक तलवार बाँधे रखता था । रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।

(iv) पर्व-त्योहारों पर उसे विशेष रूप से बुलाया जाता था । – रेखांकित पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी लिखिए ।

(v) समीक्षक उन्हें आँखों से बात करने वाला कलाकार मानते हैं । रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-रूपांतरण' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) खुद ऊपर चढ़ें और अपने साथ दूसरों को भी ऊपर ले चलें । – रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए ।

(ii) पहले दस-पंद्रह मिनट तो मैं उलझन में पड़ा रहा । – रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए ।

(iii) वह बगल के कमरे में जाकर कुछ बरतने ले आया । – संयुक्त वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए ।

(iv) इसका मतलब ये हुआ कि कंपनी के खिलाफ़ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई है । – रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए ।

(v) दरिया पर जाने पर उसे सलाम किया करो । – मिश्र वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए ।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) 'श्वेतकमल' पद कर्मधारय समास का उदाहरण है, कैसे ?

(ii) नेचर की <u>सहनशक्ति</u> की एक सीमा होती है । – रेखांकित पद का समास-विग्रह कीजिए और भेद का नाम लिखिए ।

(iii) विदेश में <u>विद्या रूपी धन</u> ही काम आता है । – रेखांकित पदों के लिए उपयुक्त समस्तपद और समास के भेद का नाम लिखिए ।

(iv) 'यथाशक्ति' समास के किस भेद का उदाहरण है ?

(v) 'द्विगु समास' की पहचान बताते हुए एक उदाहरण लिखिए ।

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) उम्मीद थी कि ऐसा न हो, पर शत्रु ने अपना रंग दिखा ही दिया । – वाक्य में से मुहावरा छाँटकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(ii) घमंड ने उसका ____________ दिया ।' – रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए ।

(iii) 'खून जलाना' और 'खून खौलना' – अर्थ लिखकर दोनों मुहावरों का अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(iv) 'दूध की मक्खी होना' – मुहावरे का वाक्य में इस तरह प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए ।

(v) 'आसान कार्य न होना' – अर्थ को व्यक्त करने के लिए उपयुक्त मुहावरा लिखिए ।

## खंड – ग

### (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) 28

7. निम्नलिखित काव्यांश (दोहों) को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कर लिखिए : **5 × 1 = 5**

कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढै बन माँहि ।
ऐसैं घटि घटि राँम है, दुनियाँ देखै नाँहि ।।
बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ ।
राम बियोगी ना जिवै, जिवै तो बौरा होई ।।

(i) 'बौरा' किसे कहा गया है ?

(A) जो परमात्मा के प्रेम में डूबा है ।

(B) जो संसार के प्रेम में डूबा है ।

(C) जिसे किसी साँप ने डँस लिया हो ।

(D) जिसे सांसारिक प्रेम में निराशा मिली हो ।

(ii) 'ऐसैं घटि घटि राँम है' में 'घटि घटि' का **गलत** अर्थ है –

(A) जीव मात्र

(B) कण-कण

(C) हर जगह

(D) हर घड़ी

(iii) 'विरह भुवंगम तन बसै' का भाव है –

(A) भुजंग का तन में वास होना

(B) भुजंग से विरह की अनुभूति होना

(C) परमात्मा का तन से विरह होना

(D) परमात्मा से विरह की अनुभूति होना

(iv) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

कथन : परमात्मा प्रत्येक प्राणी के हृदय में निवास करता है ।

कारण : सांसारिक मोह–माया में लिप्त प्राणी इस सत्य से सुपरिचित होता है ।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(v) 'राम वियोगी ना जिवै' का आशय है –

(A) राम का वियोगी स्वयं मृत्यु को प्राप्त हो जाता है ।

(B) राम का वियोगी स्वयं मृत्यु का वरण कर लेता है ।

(C) राम का वियोगी सांसारिक मोह–माया से मुक्त हो जाता है ।

(D) राम से विरही व्यक्ति की स्थिति विक्षिप्तों जैसी हो जाती है ।

8. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **$3 \times 2 = 6$**

(i) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने गर्वरहित जीवन जीने की सलाह क्यों दी है ?

(ii) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर 'था इंद्र खेलता इंद्रजाल' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(iii) 'कर चले हम फ़िदा' कविता से सैनिक की किन विशेषताओं का पता चलता है ?

(iv) अपने जीवन के सुख के क्षणों में कवि की ईश्वर से क्या अपेक्षा है ? 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर लिखिए ।

9. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

किस्सा क्या हुआ था उसको उसके पद से हटाने के बाद हमने वज़ीर अली को बनारस पहुँचा दिया और तीन लाख रुपया सालाना वजीफ़ा मुकर्रर कर दिया । कुछ महीने बाद गवर्नर जनरल ने उसे कलकत्ता (कोलकाता) तलब किया । वज़ीर अली कंपनी के वकील के पास गया जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकत्ता में क्यूँ तलब करता है । वकील ने शिकायत की परवाह नहीं की उलटा उसे बुरा-भला सुना दिया । वज़ीर अली के तो दिल में यूँ भी अंग्रेज़ों के खिलाफ नफ़रत कूट-कूटकर भरी है उसने खंजर से वकील का काम-तमाम कर दिया ।

(i) वकील ने वज़ीर अली की शिकायत की परवाह क्यों नहीं की ?

(A) उसके लिए कंपनी का हित सर्वोपरि था ।

(B) उसकी वज़ीर अली से पहले ही आपसी रंजिश थी ।

(C) वकील को सारी बातें पहले से मालूम थीं ।

(D) वज़ीर अली द्वारा की गई शिकायत गलत थी ।

(ii) गद्यांश में किसे उसके पद से हटाए जाने का उल्लेख है ?

(A) कंपनी का वकील

(B) गवर्नल जनरल

(C) सआदत अली

(D) वज़ीर अली

(iii) वज़ीर अली को तीन लाख का वज़ीफा क्यों दिया गया ?

(A) अंग्रेज़ों को सुरक्षा देने के बदले

(B) अवध का तख़्त छोड़ने के बदले

(C) बनारस में रहने के खर्च के लिए

(D) किसी और से संधि न करने के बदले

(iv) वज़ीर अली द्वारा वकील का काम-तमाम कर देना उसकी किस विशेषता को **नहीं** दर्शाता है ?

(A) अन्याय का विरोध

(B) उसकी आपराधिक प्रवृत्ति

(C) उसका निडर अंदाज़

(D) साहस और बहादुरी

(v) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

कथन : वज़ीर अली को अंग्रेज़ों से दिली घृणा थी ।

कारण : अंग्रेज़ों ने विदेशी होकर भी धोखे से उसकी सत्ता हथिया ली थी ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है ।

(B) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

10. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **$3 \times 2 = 6$**

(i) तताँरा क्यों प्रसिद्ध था तथा वह अपना परम कर्तव्य किसे समझता था ?

(ii) समाज के पास अगर शाश्वत मूल्यों जैसा कुछ है तो वह आदर्शवादी लोगों का ही दिया हुआ है । 'गिन्नी का सोना' पाठ से स्पष्ट है कि राष्ट्रोत्थान के लिए आदर्शवादी ही उत्तरदायी हैं फिर भी अकसर व्यावहारिकता का ही बखान क्यों होता है ?

(iii) 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में नूह और जख़्मी कुत्ते से जुड़ी घटना का उल्लेख करने के पीछे मुख्य उद्‌देश्य क्या है ?

(iv) 'तीसरी कसम के शिल्पकार' पाठ के आधार पर एक गीतकार के रूप में शैलेंद्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(i) 'सपनों के से दिन' के लेखक और उनके साथी द्‌वारा ओमा को अपना नेता मानने के क्या कारण थे ? क्या आप भी ओमा जैसे किसी को अपना आदर्श बनाना चाहेंगे ? तर्कसम्मत उत्तर लिखिए ।

(ii) अपनी माँ से लगाव और उनकी परवाह होने के बावजूद उनके द्‌वारा मना किए जाने पर भी टोपी ने इफ़्फ़न के घर जाना बंद क्यों नहीं किया ? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए ।

(iii) 'हरिहर काका' कहानी में परिवार और ठाकुरबारी दोनों ने ही अपनी वास्तविक भूमिका का त्याग कर दिया था । यदि समाज में सचमुच ये दोनों अपने मूल दायित्व को छोड़ दें तो समाज पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा ?

## खंड – घ

### (रचनात्मक लेखन) 22

12. (i) राजभाषा हिंदी के उपयोग के लिए किशोरों को प्रेरित करने वाले कार्यक्रम प्रसारित करने का निवेदन करते हुए दूरदर्शन निदेशालय को लगभग **80** शब्दों में एक ई–मेल लिखिए। **5**

**अथवा**

(ii) 'वर्षा का मौसम था। सुबह के चार बजे होंगे। मैं अपने कमरे में दो दिन बाद होने वाली प्रवेश परीक्षा की तैयारियों में मगन थी/था। तभी ...' – पंक्ति को आधार बनाकर लगभग **100** शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।

13. निम्नलिखित **तीन** विषयों में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **5**

(i) वर्षा–ऋतु में होने वाले प्राकृतिक परिवर्तन

संकेत बिंदु :
- वर्षा–ऋतु से पूर्व प्रकृति
- आगमन से जीव–जगत पर प्रभाव
- प्राकृतिक सौंदर्य में वृद्धि

(ii) घनी आबादी के पास पार्कों की अनिवार्यता

संकेत बिंदु :
- शुद्ध हवा के संचारक
- बच्चों को खेलने की सुविधा
- प्रदूषण दूर करने में सहायक

(iii) समय प्रबंधन में छिपा है सफलता का राज़

संकेत बिंदु : • समय प्रबंधन का अर्थ

• विद्यार्थियों पर इसका प्रभाव

• चुनौतियाँ एवं समाधान

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए : **5**

(i) आप देविका/देव हैं । सार्वजनिक उत्सवों और समारोहों में भोजन की बरबादी एक आम समस्या है । इस समस्या की ओर जन-जागरूकता हेतु किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

(ii) आप देविका/देव हैं । अपने विद्यालय में व्यावसायिक (वोकेशनल) विषयों की नियमित कक्षाओं की व्यवस्था करवाने हेतु प्रधानाचार्य को निवेदन करते हुए पत्र लिखिए ।

15. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **40** शब्दों में विज्ञापन लिखिए : **3**

(i) जड़ी-बूटियों से सौंदर्य-प्रसाधनों का उत्पादन करने वाली कंपनी 'महक' की ओर से अपने उत्पादों की जानकारी देने तथा बिक्री बढ़ाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(ii) 'एक पेड़ जरूर लगाएँ' – पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु पर्यावरण मंत्रालय की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

16. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **60** शब्दों में सूचना लिखिए : **4**

(i) आपके विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन की ओर 'फास्ट फूड' के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए दो दिवसीय एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । इस विषय में सभी विद्यार्थियों को इसकी जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए ।

**अथवा**

(ii) आप 'कमला, निवासी कल्याण संघ' के अध्यक्ष प्रेरणा/प्रताप हैं । आपकी सोसायटी के बुजुर्गों को ऑनलाइन सेवाओं का प्रयोग कर लाभ उठाने के लिए पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । सोसायटी निवासियों को इसकी जानकारी देने के लिए एक सूचना लिखिए ।

**<u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु</u>**

**सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2025-26**

**अंक-योजना**

**हिंदी 'ब' विषय कोड - 085**

**प्रश्न-पत्र कोड-- 4/5/1, 4/5/2, 4/5/3**

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के उचित आकलन के लिए उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है। इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा-प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति / दस्तावेज को किसी के साथ साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र / वेबसाइट आदि में छापना भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है।

3. अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को और उत्तर- पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही (√) और गलत उत्तर पर गलत (×) का निशान लगाएँ। परीक्षक द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. **यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर अंत में दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये के प्रारंभ में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

7. **यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये के प्रारंभ में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।**

8. **यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न / प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें / उन्हीं पर अंक दें।**

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0-80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. **प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)**

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में होती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक या कम अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का मुख पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- मुख पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर-पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंक-सूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. परीक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, मुख पृष्ठ पर की गई प्रविष्टि सही हो तथा प्राप्तांक को अंकों और शब्दों में लिखा जाए।

14. परीक्षार्थी निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों / अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों / परीक्षकों / समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाए।

**Series: KN5ML** **प्रश्न-पत्र कोड 4/5/1, 4/5/2, 4/5/3**

## अंक योजना

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **हिंदी 'ब'(085)** **अधिकतम अंक : 80**

| प्रश्न सं. | सेट-1 | सेट-2 | सेट-3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | **4/5/1** | **4/5/2** | **4/5/3** | **खंड - क**<br>**(अपठित बोध)** | **(14)** |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर :<br>**बहुविकल्पीय -** | **(7)** |
| | (i) | (i) | (i) | (B) जलवाष्प के कणों को घना करना | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (A) केवल (1) सही है। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) यह प्राकृतिक जल चक्र को प्रभावित कर सकती है।<br>**वस्तुपरक -** | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | • सूखा पड़ने पर<br>• जल संकट में<br>• वायु प्रदूषण को कम करने में<br>• जंगल की आग बुझाने में<br>• बाँधों का जलस्तर बढ़ाने में<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | (v) | (v) | (v) | • कृत्रिम वर्षा आधुनिक विज्ञान की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि<br>• जल संकट के समाधान का एक महत्त्वपूर्ण विकल्प<br>• इसके माध्यम से बादलों से इच्छानुसार वर्षा कराना<br>• वायु प्रदूषण को कम करने में, जंगल की आग बुझाने में, बाँधों का जलस्तर बढ़ाने में सहायक<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **2** | **2** | **1** | **2** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर : | **(7)** |
| | | | | **बहुविकल्पीय -** | |
| | (i) | (i) | (i) | (A) शरीर में विटामिन डी की कमी | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (B) प्रदूषक तत्वों का अवशोषण | 1 |
| | | | | **वस्तुपरक -** | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | ● सूर्य की रोशनी<br>● संतुलित आहार | 2 |
| | (v) | (v) | (v) | ● आधुनिक जीवन-शैली - समयाभाव, असंतुलित आहार आदि<br>● प्रदूषण का प्रभाव<br>● विभिन्न कारणों से घर / दफ़्तर के अंदर ही रहना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | | | | **खंड – ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | **(16)** |
| **3** | **3** | **3** | **3** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **(4x1 =4)** |
| | (i) | - | - | अभियान पूरा करने वाले सभी | 1 |
| | (ii) | - | - | क्रियाविशेषण पदबंध | 1 |
| | (iii) | - | - | संज्ञा पदबंध | 1 |
| | (iv) | - | - | क्रिया पदबंध<br>कारण - क्रियापदों का समूह, शीर्ष पद - क्रिया | ½+½ |
| | (v) | - | - | विशेषण पदबंध | 1 |
| | - | (i) | - | उनके मित्रों में से कुछ | 1 |
| | - | (ii) | - | क्रियाविशेषण पदबंध | 1 |
| | - | (iii) | - | संज्ञा पदबंध | 1 |
| | - | (iv) | - | क्रिया पदबंध<br>कारण - क्रियापदों का समूह, शीर्ष पद - क्रिया | ½ +½ |
| | - | (v) | - | विशेषण पदबंध | 1 |
| | - | - | (i) | सदा शांत रहने वाला वह | 1 |
| | - | - | (ii) | क्रियाविशेषण पदबंध | 1 |
| | - | - | (iii) | संज्ञा पदबंध | 1 |
| | - | - | (iv) | क्रिया पदबंध<br>कारण - क्रियापदों का समूह, शीर्ष पद - क्रिया | ½ +½ |
| | - | - | (v) | विशेषण पदबंध | 1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **4** | **4** | **4** | **4** | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **(4x1 =4)** |
| | (i) | - | - | संयुक्त वाक्य | 1 |
| | (ii) | - | - | हमने ओठों से प्याला लगाया और एक-एक बूँद चाय पीते रहे। | 1 |
| | (iii) | - | - | जब सूरज ढल जाए तब आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो। | 1 |
| | (iv) | - | - | सरल वाक्य | 1 |
| | (v) | - | - | प्रभावी गायन के कारण वह अपनी सुध-बुध खोने लगा। | 1 |
| | - | (i) | - | संयुक्त वाक्य | 1 |
| | - | (ii) | - | (वे) शहर छोड़कर नहीं जा पाए इसलिए यहाँ-वहाँ डेरा डाल लिया है। | 1 |
| | - | (iii) | - | जैसे ही वह चैतन्य हुआ वैसे ही उधर बढ़ने को विवश हो उठा। | 1 |
| | - | (iv) | - | सरल वाक्य | 1 |
| | - | (v) | - | सिपाहियों से तैयार रहने के लिए कह दो। | 1 |
| | - | - | (i) | संयुक्त वाक्य | 1 |
| | - | - | (ii) | सरल वाक्य | 1 |
| | - | - | (iii) | वह बगल के कमरे में गया और कुछ बरतन ले आया। | 1 |
| | - | - | (iv) | मिश्र वाक्य | 1 |
| | - | - | (v) | जब दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो। | 1 |
| **5** | **5** | **5** | **5** | **'समास'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **(4x1 =4)** |
| | (i) | - | - | विशेषण-विशेष्य / उपमान-उपमेय का संबंध, उत्तर पद प्रधान<br>उदाहरण - स्वर्णलता<br>(अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | ½+½ |
| | (ii) | - | - | प्रथम पद - संख्यावाची | 1 |
| | (iii) | - | - | दीया और बत्ती, द्वंद्व समास | ½+½ |
| | (iv) | - | - | महादेवी, कर्मधारय समास | ½+½ |
| | (v) | - | - | तत्पुरुष समास | 1 |
| | - | (i) | - | बहुव्रीहि समास<br>उदाहरण - नीलकंठ<br>(अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | ½+½ |
| | - | (ii) | - | महान है जो कवि, कर्मधारय समास | ½+½ |
| | - | (iii) | - | फ़िल्मनिर्माता, तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | - | (iv) | - | अव्ययीभाव समास | 1 |
| | - | (v) | - | दोनों पद प्रधान<br>उदाहरण - पिता-पुत्र<br>(अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | ½+½ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (i) | विशेषण-विशेष्य का संबंध, उत्तर पद प्रधान | 1 |
| | - | - | (ii) | सहने की शक्ति, तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | - | - | (iii) | विद्याधन, कर्मधारय समास | ½+½ |
| | - | - | (iv) | अव्ययीभाव समास | 1 |
| | - | - | (v) | पूर्व पद संख्यावाची<br>उदाहरण- सप्ताह<br>(अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | ½+½ |
| **6** | **6** | **6** | **6** | **'मुहावरे'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **(4x1 =4)** |
| | (i) | - | - | रंग दिखाना - असलियत दिखाना / वास्तविक स्वभाव प्रकट करना<br>रंग चढ़ना - प्रभाव में आना | ½+½ |
| | (ii) | - | - | कान खड़े होना / होश उड़ना<br>(अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य) | 1 |
| | (iii) | - | - | खूब प्रयास करना, उपयुक्त अर्थपूर्ण वाक्य-प्रयोग | ½+½ |
| | (iv) | - | - | नामों-निशान मिटा देना / मिट्टी में मिला देना / काम तमाम करना / जड़ से उखाड़ देना<br>(अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य) | 1 |
| | (v) | - | - | उपयुक्त अर्थपूर्ण वाक्य-प्रयोग | 1 |
| | - | (i) | - | मुहावरा - खुशी का ठिकाना न रहना<br>उपयुक्त अर्थपूर्ण वाक्य-प्रयोग | ½+½ |
| | - | (ii) | - | दिल पसीजना / खून खौलना<br>(अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य) | 1 |
| | - | (iii) | - | निराशा के बादल छँटना<br>(अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य) | 1 |
| | - | (iv) | - | उपयुक्त अर्थपूर्ण वाक्य-प्रयोग | 1 |
| | - | (v) | - | दिन गिनना - प्रतीक्षा करना<br>दिन काटना - मुश्किल / कष्ट में समय व्यतीत करना | ½+½ |
| | - | - | (i) | मुहावरा - रंग दिखाना<br>उपयुक्त अर्थपूर्ण वाक्य-प्रयोग | ½+½ |
| | - | - | (ii) | सिर नीचा करना / नामों-निशां मिटाना<br>(अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य) | 1 |
| | - | - | (iii) | खून जलाना - अत्यधिक कष्ट उठाना / परेशान करना<br>खून खौलना - बहुत क्रोधित होना | ½+½ |
| | - | - | (iv) | उपयुक्त अर्थपूर्ण वाक्य-प्रयोग | 1 |
| | - | - | (v) | हँसी-खेल न होना / टेढ़ी खीर होना<br>(अन्य उपयुक्त मुहावरा भी स्वीकार्य) | 1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड – ग**<br>**(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)** | **(28)** |
| **7** | **7**<br>(i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | 8<br>(i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | 9<br>(i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(A) उसके लिए कंपनी का हित सर्वोपरि था।<br>(D) वज़ीर अली<br>(C) बनारस में रहने के खर्च के लिए<br>(B) उसकी आपराधिक प्रवृत्ति<br>(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | **5 x 1 = 5** |
| **8** | **8** | 10 | 10 | **'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित (लगभग 25-30 शब्दों में ) – | **(3x2 = 6)** |
| | (i) | - | - | • उचित अथवा अनुचित के पक्ष में तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य | 2 |
| | (ii) | - | - | • व्यक्तिगत छवि की चिंता<br>• स्वार्थसिद्धि का ध्यान<br>• अवसरवादिता<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | (iii) | - | - | संभव है,<br>• प्रत्येक स्तर पर सार्थक प्रयास एवं जागरूकता<br>• विकास के साथ-साथ वन एवं पर्यावरण संरक्षण भी आवश्यक<br>• सह-अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता अनिवार्य<br>(अन्य उपयुक्त तर्कपूर्ण उत्तर भी स्वीकार्य) | 1+1 |
| | (iv) | - | - | • भावुक एवं आदर्शवादी रचनाकार होने के कारण<br>• आत्मसंतुष्टि के लिए<br>• फ़िल्म की विषयवस्तु के साथ शत-प्रतिशत न्याय करने के लिए<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | (i) | - | • स्वार्थरहित, निश्छल आदर्श प्रेम के प्रति श्रद्धाभाव<br>• 'प्रेम जोड़ता है न कि तोड़ता है' का स्मरण करना<br>• लोक-स्मृतियों में उनके बलिदान को स्थान देना<br>• विवाह संबंधी रुढ़िवादी परंपरा का समाप्त होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (ii) | - | • जीवन की भागदौड़ और आपाधापी में चैन और शांति के पल आवश्यक<br>• सत्य केवल वर्तमान इसलिए अतीत और भविष्य को छोड़ वर्तमान में रहने का संदेश | 2 |
| | - | (iii) | - | • समुद्री तूफान के रूप में<br>• समुद्र की लहरों द्वारा अपने ऊपर दौड़ते तीन जहाजों को बच्चों की गेंद की तरह तीन अलग-अलग दिशाओं में फेंकना | 2 |
| | - | (iv) | - | • सस्ती-उथली मनोरंजक सामग्री के अभाव में ऐसी फ़िल्में दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने में अक्षम<br>• कलात्मक फिल्मों में रुचि रखने वाले निवेशकों, वितरकों और खरीददारों का अभाव<br>(विद्यार्थियों के अन्य तर्क पूर्ण उचित तर्क भी स्वीकार्य) | 2 |
| | - | - | (i) | क्यों-<br>• अपने उदार एवं मददगार स्वभाव के लिए<br>• सुंदर और शक्तिशाली युवक<br>• विलक्षण तलवार और अपने साहसिक कारनामों के लिए<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित)<br>परम कर्त्तव्य -<br>• सभी द्वीपवासियों की सेवा / मदद करना | 1+1 |
| | - | - | (ii) | • व्यवहारवादियों की भौतिक उपलब्धियों एवं शीघ्र सफलता से लोग आकर्षित<br>• व्यावहारिकता में परिस्थिति के अनुसार सिद्धांतों से समझौता<br>• आदर्शवादियों की तुलना में व्यवहारवादी समाज को तेज गति से प्रभावित करने में सक्षम<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | - | (iii) | • प्रत्येक जीवन की उत्पति और अंत का स्रोत एक ही<br>• सह-अस्तित्व<br>• प्रकृति की विविधता का सम्मान<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (iv) | • आदर्शवादी एवं भावुक कवि<br>• सरल, सहज एवं संवेदनशील<br>• रचनात्मकता पर व्यावसायिक दबाव स्वीकार नहीं<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| 9 | 9<br>(i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | 7<br>(i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | 7<br>(i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | **'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(A) जो परमात्मा के प्रेम में डूबा है।<br>(D) हर घड़ी<br>(D) परमात्मा से विरह की अनुभूति होना<br>(C) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है।<br>(D) राम से विरही व्यक्ति की स्थिति विक्षिप्तों जैसी हो जाती है। | **5 x 1 = 5** |
| 10 | 10 | 9 | 8 | **'काव्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित (लगभग 25-30 शब्दों में ) – | **(3x2 = 6)** |
| | (i) | (i) | (i) | • गर्वरहित होने पर ही परस्पर प्रेम और मेल-मिलाप संभव<br>• उपलब्धियाँ क्षणिक और नश्वर<br>• परमात्मा - सबका रक्षक, सबके साथ, अतः गर्व का कोई कारण नहीं<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | • पावस में पर्वतीय क्षेत्र के प्राकृतिक दृश्यों में प्रतिक्षण परिवर्तन<br>• परिवर्तन का किसी जादू की तरह दिखना<br>• कवि द्वारा इसे वर्षा के देवता-इंद्र के जादू (इंद्रजाल) के रूप में संबोधन<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | • देशभक्ति, साहस, निडरता, वीरता, उत्साह, बलिदान, त्याग, कर्त्तव्यनिष्ठता<br>• अंतिम साँस तक देश की रक्षा के लिए तत्पर<br>• देश पर सर्वस्व न्योछावर करने के लिए सहर्ष तैयार<br>• अपने जाने के बाद देश की सुरक्षा और मान-सम्मान की चिंता<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | • ईश्वर कवि के मन में आस्था का भाव बनाए रखें<br>• हर क्षण वह ईश्वर को याद रख सके<br>• मन में अहंकार और ईश्वर के प्रति संदेह का भाव न आए<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **11** | **11** | **11** | 11 | पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 – 50** शब्दों में अपेक्षित – | **(2x3 =6)** |
| | (i) | (i) | (i) | कारण-<br>● शारीरिक बनावट और व्यवहार में ओमा अन्य विद्यार्थियों से भिन्न<br>● ओमा की निडरता से लेखक और उनके साथी प्रभावित<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए विद्यार्थियों के उचित तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 2+1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | ● परिवार द्वारा उसकी भावनाओं को न समझना<br>● अपने परिवार की तुलना में इफ़्फ़न और उसकी दादी से अधिक प्रेम और अपनापन मिलना<br>● टोपी और इफ़्फ़न की गहरी दोस्ती<br>● अपने घर में उपेक्षित महसूस करना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | ● समाज में अराजकता, अन्याय, अनाचार का बढ़ना<br>● स्वछंदता, उच्छृंखलता एवं निरंकुशता<br>● व्यक्ति का एकाकीपन<br>● व्यक्ति और समाज दोनों का नैतिक पतन<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | | | | **खंड – घ**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | **(22)** |
| 12 | 12 | 14 | 13 | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| 13 | 13 | 12 | 14 | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन:<br>● आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **14** | **14** | **15** | 16 | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन:<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रारूप – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | **1 x 4 = 4** |
| **15** | **15** | **16** | **15** | किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन :<br>● विषय-वस्तु – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | **1 x 3 = 3** |
| **16** | **16** | **13** | **12** | ई-मेल लेखन **अथवा** लघुकथा लेखन :<br><br>ई-मेल लेखन (लगभग 80 शब्दों में ) -<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● प्रारूप – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>**अथवा**<br><br>लघुकथा लेखन (लगभग 100 शब्दों में) –<br>● मौलिक विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रभाव – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |